भारत सरकार /Govt. of India
खान मंत्रालय /Ministry of Mines
भारतीय खान ब्यूरो /Indian Bureau of Mines
क्षेत्रीय खान नियंत्रक कार्यालय जबलपुर / O/o the Regional Controller of Mines Jabalpur
फोन/Phone- 0761-2416589 ईमेल/Email – ro.jabalpur@ibm.gov.in

फा.सं.: जी-11017/1/2023-जेबीपी-आयबीएम_आरओ_जेबीपी दिनांक: 16/10/2026

सेवा में,

राजभाषा अधिकारी,
भारतीय खान ब्यूरो,
मुख्यालय नागपुर।

विषय : हिन्दी पखवाड़ा-2026 की विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत अवगत कराना है कि भारतीय खान ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर में दिनांक 15.09.2026 से 30.09.2026 तक हिन्दी पखवाड़ा-2026 का आयोजन सफलातापूर्वक किया गया।

इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं, हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला, राजभाषा हिन्दी गृह पत्रिका 'मेकलसुता' के पंचम संस्करण के अंक-1 का विमोचन तथा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का क्रमवार विवरण संबंधित छायाचित्रों सहित संकलित विस्तृत रिपोर्ट आपके सूचनार्थ, अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर की जा रही है।

यह पत्र क्षेत्रीय खान नियंत्रक सह कार्यालय अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

सादर।

भ व दी य

संलग्न: यथोपरि।

(अखिलेश अग्रवाल)
कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी सह
हिन्दी संपर्क अधिकारी

पता : योजना क्र. 11, कमला नेहरू नगर, भारतीय खान ब्यूरो, जबलपुर – 482 002 (म.प्र.),
Address : Scheme No. 11, Kamla Nehru Nagar, Indian Bureau of Mines, Jabalpur- 482 002 (M.P.)

File No. E-11017/1/2023-JBP-IBM_RO_JBP, Computer No. 72031
Generated from eOffice by SANDEEP DHAKAD, STENO(SD)-IBM_RO_JBP, STENOGRAPHER, IBM REGIONAL OFFICE JABALPUR on 19/10/2026 02:59 PM

हिंदी पखवाड़ा-2026 के आयोजन संबंधी विस्तृत रिपोर्ट
भारतीय खान ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर



भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर के परिपत्र सं. ई-11011/13/2023-हिंदी-आयबीएम_मुख्यालय, दिनांक 22.07.2026 के अनुपालन में भारतीय खान ब्यूरो, क्षेत्रीय खान नियंत्रक कार्यालय, जबलपुर में दिनांक 15 सितंबर से 30 सितंबर, 2026 तक हिंदी पखवाड़ा-2026 का आयोजन किया गया। पखवाड़े का आयोजन राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार, शासकीय कार्यों में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिंदी के प्रति जागरूकता, भाषायी दक्षता एवं साहित्यिक अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से किया गया।

हिंदी पखवाड़े के दौरान कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा हिंदी के व्यावहारिक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत हिंदी टंकण, शब्द लेखन, निबंध लेखन, श्रुतलेखन, वाद-विवाद, काव्य पाठ एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं के माध्यम से कार्मिकों को हिंदी में विचारों की अभिव्यक्ति, शुद्ध लेखन, टंकण कौशल तथा समसामयिक एवं राजभाषा संबंधी विषयों पर अपने ज्ञान और विचारों को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया।

पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को सुगम बनाने के लिए तकनीकी साधनों की उपयोगिता से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, कार्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'मेकलसुता' के पंचम संस्करण के अंक-1 का विमोचन किया गया। इस गतिविधि के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की साहित्यिक तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने और कार्यालय में हिंदी साहित्य के प्रति रुचि विकसित करने का प्रयास किया गया।

इस प्रकार हिंदी पखवाड़ा–2026 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने, कार्मिकों की भाषायी दक्षता के संवर्धन तथा कार्यालय में हिंदीमय कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए गए।

1. हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ एवं हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी

हिंदी पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ दिनांक 15 सितंबर, 2026 को कार्यालय अध्यक्ष श्री सलिल संदीप कुजूर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक एवं अन्य पदाधिकारीगण के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात कार्यालय अध्यक्ष सहित मंचासीन अधिकारियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। पखवाड़े के शुभारंभ के साथ ही राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इस अवसर पर हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य हिंदी साहित्य एवं उपयोगी हिंदी पुस्तकों के प्रति पाठकीय रुचि को प्रोत्साहित करना था। पुस्तक प्रदर्शनी के माध्यम से हिंदी साहित्य, भाषा एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों के महत्व को रेखांकित किया गया।









इस अवसर पर हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए कार्यालय अध्यक्ष श्री सलिल संदीप कुजूर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक महोदय। तत्पश्चात पुस्तकों का निरीक्षण करते हुए।






इस अवसर पर उद्घाटन सत्र के अंत में समस्त उपस्थित कार्मिकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री राजू कुमार मिश्रा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सह आहरण एवं संवितरण अधिकारी।


2. हिंदी टंकण प्रतियोगिता


दिनांक 16 सितंबर, 2026 को कार्यालयीन कार्यों में कंप्यूटर पर हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हिंदी टंकण संबंधी दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी टंकण प्रतियोगिता सॉफ्टवेयर के माध्यम से आयोजित की गई। वर्तमान कार्यालयीन व्यवस्था में कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करना राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन का महत्वपूर्ण अंग है। इस दृष्टि से प्रतियोगिता के माध्यम से हिंदी में कंप्यूटर आधारित कार्य करने के प्रति रुचि विकसित करने तथा हिंदी के व्यावहारिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।














Generated from eOffice by SANDEEP DHAKAD, STENO(SD)-IBM_RO_JBP, STENOGRAPHER, IBM REGIONAL OFFICE JABALPUR on 19/10/2026 02:59 PM

3. शब्द लेखन प्रतियोगिता

दिनांक 21 सितंबर, 2026 को हिंदी भाषा के शुद्ध प्रयोग, सही वर्तनी तथा शब्द ज्ञान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शब्द लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यालयीन पत्राचार एवं टिप्पण लेखन में शुद्ध हिंदी शब्दावली का प्रयोग भाषा की स्पष्टता और प्रभावशीलता के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को हिंदी शब्दों की सही वर्तनी पर ध्यान देने तथा भाषा संबंधी दक्षता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।





4. निबंध लेखन प्रतियोगिता

दिनांक 22 सितंबर, 2026 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हिंदी में विचार अभिव्यक्ति, लेखन क्षमता तथा समसामयिक विषयों पर चिंतन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से “सुशासन : पारदर्शिता, जवाबदेही और जनविश्वास” विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

सुशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनविश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका है। निर्धारित विषय के माध्यम से प्रतिभागियों को इन पहलुओं पर अपने विचार हिंदी में व्यक्त करने का अवसर मिला। प्रतियोगिता का उद्देश्य हिंदी लेखन कौशल को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ विषयवस्तु को व्यवस्थित एवं स्पष्ट रूप में प्रस्तुत करने की क्षमता विकसित करना था।



5. श्रुतलेखन/सुलेख प्रतियोगिता



दिनांक 24 सितंबर, 2026 को हिंदी भाषा में श्रवण के आधार पर शुद्ध लेखन, वर्तनी संबंधी दक्षता तथा भाषा पर पकड़ विकसित करने के उद्देश्य से श्रुतलेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का शुद्ध एवं त्रुटिरहित प्रयोग आवश्यक है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ कार्मिकों को हिंदी शब्दों की सही वर्तनी, लेखन की शुद्धता तथा भाषा संबंधी सावधानी के प्रति जागरूक करने में सहायक होती हैं।



6. वाद-विवाद प्रतियोगिता

दिनांक 25 सितंबर, 2026 को समसामयिक तकनीकी विषयों पर तार्किक चिंतन एवं हिंदी में विचार अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) : वरदान या चुनौती" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विषय को पक्ष एवं विपक्ष के दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने की व्यवस्था की गई। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का कार्यालयीन कार्यों पर संभावित प्रभाव एक महत्वपूर्ण समसामयिक विषय है। इस विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने विचार तर्कसंगत एवं प्रभावी ढंग से हिंदी में प्रस्तुत करने का अवसर मिला। इससे तकनीकी विषयों पर हिंदी में संवाद एवं विचार-विमर्श को भी प्रोत्साहन मिला।







7. काव्य पाठ प्रतियोगिता



दिनांक 28 सितंबर, 2026 को हिंदी साहित्य एवं काव्य के प्रति अभिरुचि विकसित करने तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। काव्य पाठ हिंदी भाषा की साहित्यिक समृद्धि, भावाभिव्यक्ति और मौखिक प्रस्तुति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। इस अवसर पर युवा उपन्यासकार श्री आशुतोष मिश्रा को आमंत्रित किया गया। उनकी उपस्थिति से कार्यक्रम को साहित्यिक संदर्भ प्राप्त हुआ। काव्य पाठ प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों को काव्य के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने तथा हिंदी साहित्य से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।











8. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

दिनांक 29 सितंबर, 2026 को हिंदी भाषा, राजभाषा संबंधी जानकारी तथा सामान्य ज्ञान के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियाँ ज्ञान के आदान-प्रदान, जानकारी के पुनरावलोकन तथा प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करती हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से हिंदी एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित विषयों में रुचि विकसित करने तथा पखवाड़े के कार्यक्रमों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।





9. हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला

दिनांक 30 सितंबर, 2026 को हिंदी पखवाड़ा-2026 के अंतिम दिन हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के संबंध में दिए गए निर्देशों तथा माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के संदेश की भावना के अनुपालन में कार्यशाला के अंतर्गत **भारती बहुभाषी अनुवाद सारथी (पूर्व में कंठस्थ)** के संबंध में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री संदीप धाकड़, आशुलिपिक द्वारा भारती बहुभाषी अनुवाद सारथी के संबंध में विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने इस उपकरण की कार्यप्रणाली, प्रमुख विशेषताओं एवं उपयोगिता के बारे में कार्यालय के समस्त कार्मिकों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। साथ ही, इसके व्यावहारिक उपयोग तथा विभिन्न भाषाओं के बीच अनुवाद की सुविधा के माध्यम से कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को सुगम बनाने की संभावनाओं से भी अवगत कराया। प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य कार्मिकों को राजभाषा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए इस डिजिटल उपकरण के प्रति जागरूक करना तथा इसके उपयोग के लिए प्रेरित करना था, ताकि कार्यालयीन पत्राचार एवं अन्य शासकीय कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इस प्रकार, हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में आधुनिक तकनीकी साधनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रयास14किया गया।



10. हिंदी गृह पत्रिका 'मेकलसुता' के पंचम संस्करण के अंक-1 का विमोचन

दिनांक 30 सितंबर, 2026 को हिंदी पखवाड़ा-2026 के समापन समारोह के अवसर पर भारतीय खान ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर की हिंदी गृह पत्रिका 'मेकलसुता' के पंचम संस्करण के अंक-1 का विमोचन श्री सलिल संदीप कुजूर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक महोदय की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, मध्यप्रदेश इकाई के निदेशक एवं राजभाषा अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख श्री बेणुधर बेहेरा मुख्य अतिथि के रूप में तथा निदेशक श्री सोहेल अहमद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



मेकलसुता' के पंचम संस्करण के अंक-1 के विमोचन के उपरांत कार्यालय अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के साथ कार्मिकों का संयुक्त छायाचित्र।

हिंदी गृह पत्रिका 'मेकलसुता' कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की साहित्यिक, रचनात्मक एवं वैचारिक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करने के साथ-साथ हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति रुचि विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। पत्रिका के माध्यम से कार्मिकों एवं उनके परिजनों की मौलिक रचनाओं, विचारों तथा साहित्यिक योगदान को प्रोत्साहित किया जाता है। पत्रिका के पंचम संस्करण के अंक-1 का विमोचन कार्यालय में हिंदी लेखन एवं साहित्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा राजभाषा हिंदी के प्रति सकारात्मक वातावरण विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों की सहभागिता ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।



11. पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह

दिनांक 30 सितंबर, 2026 को हिंदी पखवाड़ा-2026 के समापन दिवस पर पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया गया। पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण का उद्देश्य प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करना तथा हिंदी भाषा, साहित्य एवं कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग से संबंधित गतिविधियों के प्रति उनकी रुचि को प्रोत्साहित करना था।



समापन दिवस समारोह के अवसर पर कार्मिकों को संबोधित करते हुए कार्यालय अध्यक्ष श्री सलिल संदीप कुजूर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक।



समापन दिवस पर हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला तथा कार्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'मेकलसुता' के पंचम संस्करण के अंक-1 का विमोचन भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में हिंदी संपर्क अधिकारी श्री अखिलेश अग्रवाल द्वारा हिंदी पखवाड़ा-2026 के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले अतिथियों, कार्यालय अध्यक्ष, अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा कार्यक्रम से जुड़े सभी कार्मिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस समस्त कार्यक्रम में मंच संचालन श्री संदीप धाकड़, आशुलिपिक के द्वारा किया गया।







इस प्रकार विभिन्न प्रतियोगिताओं, साहित्यिक गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रम, पत्रिका विमोचन एवं पुरस्कार वितरण के साथ हिंदी पखवाड़ा-2026 दिनांक 30 सितंबर, 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

✦ ✦ ✦ समाप्त ✦ ✦ ✦